Web Portal
www.ghatatighatana.com
G.G. News
सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ के लिए एक प्रकाशन...
RNI REG.NO.-CHHHIN/2004/13050
डाक पंजीयन क्रमांक- 013/नम्बर/2020-2022

# घटती घटना

अम्बिकापुर, वर्ष 19,अंक-103 रविवार,12 फरवरी 2023, पृष्ठ-8 मूल्य 2 रूपये

**ज्ञान की बातें**

हम जितनी ही जल्दी मनुष्यों की भावनाओं का अनुमान लगा सकें,उतना ही दुनिया की भलाई के लिए एक अच्छा काम होगा
-डॉ.राधाकृष्णन-

## नकल विरोधी कानून को राजभवन की मंजूरी

### लागू हुआ सख्त कानून, ये है सजा का प्रावधान

**नई दिल्ली,11 फरवरी 2023 (ए)।** उत्तराखंड में नकल विरोधी कानून को राजभवन की मंजूरी मिल गई है। जिसके बाद अब सख्त नकल विरोधी कानून लागू हो गया है। राज्यपाल गुरमीत सिंह ने उत्तराखण्ड प्रतियोगी परीक्षा (भर्ती में अनुचित साधनों की रोकथाम व निवारण के उपाय) अध्यादेश 2023 को मंजूरी दे दी है। इसके साथ ही ये अध्यादेश प्रदेश में लागू हो गया है।

### आजीवन कारावास, दस करोड़ रूपए तक के जुर्माने का प्रावधान

उत्तराखंड में पेपरलीक प्रकरण और भर्ती धांधलियों को लेकर युवा बेरोजगार सड़कों पर है। युवाओं की मांग के बाद धामी सरकार ने बड़ा कदम उठाते हुए सख्त नकल विरोधी कानून लागू कर दिया है। उत्तराखण्ड प्रदेश में प्रतियोगी परीक्षाओं में पारदर्शिता एवं शुचिता को सुनिश्चित करने के लिए 9 फरवरी, 2023 को उत्तराखण्ड प्रतियोगी परीक्षा (भर्ती में अनुचित साधनों की रोकथाम व निवारण के उपाय) अध्यादेश 2023 को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा अनुमोदन किया गया था। जिसके बाद इसे राजभवन में भेजा गया। इस अध्यादेश में दोषियों के विरूद्ध सख्त प्रावधान किए गए हैं। यदि कोई व्यक्ति, प्रिंटिंग प्रेस, सेवा प्रदाता संस्था, प्रबंध तंत्र,



कोचिंग संस्थान इत्यादि अनुचित साधनों में लिप्त पाया जाता है तो उसके लिए आजीवन कारावास तक की सजा और दस करोड़ रूपए तक के जुर्माने का प्रावधान किया गया है।

### आजीवन कारावास और 10 करोड़ जुर्माना

यदि कोई व्यक्ति संगठित रूप से परीक्षा कराने वाली संस्था के साथ षडयंत्र करता है तो आजीवन कारावास तक की सजा एवं 10 करोड़ रूपए तक के जुर्माने का प्रावधान किया गया है। यदि कोई परीक्षार्थी प्रतियोगी परीक्षा में स्वयं नकल करते हुए या अन्य परीक्षार्थी को नकल कराते हुए अनुचित साधनों में लिप्त पाया जाता है तो उसके लिए तीन वर्ष के कारावास व न्यूनतम पांच लाख के जुर्माने का प्रावधान किया गया है। यदि वह परीक्षार्थी दोबारा अन्य प्रतियोगी परीक्षा में पुनः दोषी पाया जाता है तो न्यूनतम दस वर्ष के कारावास तथा न्यूनतम 10 लाख जुर्माने का प्रावधान किया गया है। यदि कोई परीक्षार्थी नकल करते हुए पाया जाता है तो आरोप पत्र दाखिल होने की तिथि से दो से पांच वर्ष के लिए डिबार करने तथा दोषसिद्ध ठहराए जाने की दशा में दस वर्ष के लिए समस्त प्रतियोगी परीक्षाओं से डिबार किए जाने का प्रावधान किया गया है। यदि कोई परीक्षार्थी दोबारा नकल करते हुए पाया जाता है तो क्रमशः पांच से दस वर्ष के लिए तथा आजीवन समस्त प्रतियोगी परीक्षाओं से डिबार किए जाने का प्रावधान किया गया है।अनुचित साधनों के इस्तेमाल से अर्जित सम्पति की कुर्की की जायेगी।इस अधिनियम के अन्तर्गत अपराध संज्ञेय, गैर जमानती एवं अशमनीय होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### बेंगलुरु से संदिग्ध आतंकी गिरफ्तार



**बेंगलुरु ,11 फरवरी 2023(ए)।** कर्नाटक से इस समय एक बड़ी खबर सामने आ रही है। राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने एक संदिग्ध आतंकी को बेंगलुरु से गिरफ्तार किया है जिसकी पहचान आरिफ के रूप में हुई है। बताया जाता है कि इंटरनेट के जरिए वह पिछले 2 साल से अलकायदा के संपर्क में था। मामले में एनआईए ने अपनी संदिग्ध आतंकी आरिफ पेशे से सॉफ्टवेयर इंजीनियर है और एक कंपनी में काम करता है। सूत्रों के अनुसार, वह इंटरनेट के जरिए आतंकियों से जुड़ा था। हालांकि, अभी तक किसी घटना में शामिल होने के सबूत नहीं मिले हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार, वह जल्द ही ईरान और अफगानिस्तान के लिए रवाना होने वाला था। यहां जाकर वह आतंकी संगठन आईकेपी से जुड़ने की तैयारी में था। हालांकि, इससे पहले ही एनआईए ने उसे बेंगलुरु से गिरफ्तार कर लिया।

### विधायक पति संग जेल में हर रोज 3-4 घंटे गुजारने वाली पत्नी गिरफ्तार



**जेल अधीक्षक समेत पांच सस्पेंड**

**चित्रकूट,11 फरवरी 2023(ए)।** यहां जेल में बंद विधायक अब्बास अंसारी से मुलाकात करने पहुंचीं पत्नी निकहत अंसारी गिरफ्तार कर ली गई हैं। पति से चोरी छिपे निकहत की जेलर के पास वाले कमरे में मुलाकात कराई जा रही थी। इस मामले में डीजी जेल आनंद कुमार ने जेल अधीक्षक आनंद सागर, डिप्टी जेलर सुशील कुमार समेत पांच जेल वार्डन को सस्पेंड कर दिया है। अब उन्नाव जेलर को चित्रकूट का जेल अधीक्षक बनाया है।
पुलिस के अनुसार, बांदा जेल में बंद माफिया डॉन मुख्तार अंसारी का बेटा अब्बास अंसारी मऊ सीट से विधायक है और चित्रकूट जेल में बंद है। सूचना मिली थी कि अब्बास की पत्नी निकहत बानो अपने ड्राइवर नियाज के साथ बीते कई दिनों से रोजाना करीब 11 बजे सुबह में जेल आती है और 3-4 घंटे अंदर बिताकर वापस चली जाती है। पुलिस ने तलाशी के दौरान महिला से मोबाइल और कैश समेत अवैध चीजें भी बरामद कीं, साथ ही इस मामले में अब्बास, निकहत और जेलर समेत 7 लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

## देश में बोलने की आजादी नहीं

### मल्लिकार्जुन खड़गे का दावा- संसद में उनके भाषण के कुछ पार्ट निकाले गए

**नई दिल्ली,11 फरवरी 2023(ए)।** संसद के बजट सत्र के दौरान कांग्रेस नेता राहुल गांधी के भाषण के कुछ भाग को लोकसभा से हटा दिया गया। इसको लेकर विपक्ष ने मोदी सरकार पर निशाना साधा था। कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने इसको लेकर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पत्र भी लिखा था। इस बीच कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बड़ा आरोप लगाते हुए दावा किया है कि संसद में उनके भाषण के भी कुछ पार्ट को हटा दिया गया है। उन्होंने कहा कि देश में बोलने की आजादी नहीं है।



बता दें कि इससे पहले राहुल गांधी अडानी ग्रुप प्रकरण पर संसद में बोल रहे थे। इस बीच राहुल गांधी ने मोदी सरकार पर जमकर निशाना साधा था। बाद में उनके भाषण के कुछ अंश को लोकसभा से हटा दिया गया था। इसके बाद अधीर रंजन चौधरी ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को राहुल गांधी के भाषण के मामले में पत्र लिखा था। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने मंगलवार यानि 7 फरवरी, 2023 को लोकसभा में गौतम अडानी के मुद्दे पर जो भाषणा दिया था, उसके कुछ अंश लोकसभा स्पीकर के आदेश से संसद के रिकॉर्ड से बाहर कर दिए गए हैं।

### क्या कहता है नियम

संसद में कही गई बातों से कुछ शब्द, वाक्य, अंश, भाव या अभिव्यक्ति को हटाना सामान्य तौर पर संसदीय नियमों की एक सामान्य प्रक्रिया है। किसी भी सदस्य के भाषण के किसी भी हिस्से को हटाने का फैसला पूरी तरह से सदन के पीठासीन अधिकारी या आसन के अधिकार क्षेत्र में आता है। लेकिन, यह सब संसदीय नियमों के तहत होता है।
संविधान के अनुच्छेद 105(2) के तहत, %संसद का कोई भी सदस्य किसी प्रक्रिया के दौरान संसद या उसकी किसी भी समिति में कही गई बातों के लिए अदालत में किसी भी कार्यवाही के लिए उत्तरदायी नहीं होगा।% लेकिन, ऐसा भी नहीं है कि कोई सदस्य जो मर्जी आए सदन में कुछ भी कहकर या अभिव्यक्ति जताकर चला जाए। इसके लिए भी नियम बनाए गए हैं।




### दिल्ली की अदालत ने एक्यूआईएस के चार सदस्यों को दोषी ठहराया

**नई दिल्ली,11 फरवरी 2023(ए)।** दिल्ली की एक अदालत ने भारतीय उपमहाद्वीप में अल-कायदा (एक्यूआईएस) के चार सदस्यों को आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देने की साजिश रचने के आरोप में दोषी ठहराया। अदालत ने मोहम्मद आसिफ, मोहम्मद अब्दुल रहमान, जफर मसूद और अब्दुल सामी को गैरकानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत दोषी ठहराया है। इस बीच, दो संदिग्ध सैयद मोहम्मद जीशान अली और सबील अहमद को बरी कर दिया गया।

## सीबीआई की छापेमारी में टैक्स ऑफिसर के घर मिली बेहिसाब संपत्ति

### मिले 42 लाख कैश और कीमती सामान

**गांधीधाम,11 फरवरी 2023 (ए)।** सरकारी अधिकारियों के यहां कमाई से अधिक संपत्ति मिलने का मामला एक के बाद एक आ रहा है। ताजा मामला गुजरात के गांधीधाम का है।
यहां सेंट्रल गुड एंड सर्विसेज टैक्स के सहायक आयुक्त महेश चौधरी और उनकी पत्नी के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति रखने को लेकर केंद्रीय जांच ब्यूरो सीबीआई ने मुकदमा दर्ज कराया है। सीबीआई की ओर से उनके घर छापेमारी में करीब 42 लाख रुपये कैश जब्त किए गए हैं।



3 करोड़ से अधिक की संपत्ति का पता चला
केंद्रीय जांच ब्यूरो ने आय से अधिक संपत्ति के आरोपों पर सहायक आयुक्त, सीजीएसटी, गांधीधाम और उनकी पत्नी के खिलाफ 8 फरवरी को मामला दर्ज किया है।
सीबीआई के मुताबिक, सहायक आयुक्त महेश चौधरी ने साल 2017 से 2021 के दौरान अपने नाम और परिवार के सदस्यों के नाम पर भारी मात्रा में नकदी, बैंक बैलेंस, चल और अचल संपत्तियों को अर्जित किया।
सीबीआई के अनुसार, करीब 3,71,12,499 रुपये की संपत्ति गलत तरीके से इकट्ठा की गई। यह कर अधिकारी की वास्तविक आय से काफी अधिक है।

### गुजरात और राजस्थान में कई जगह छापे

टैक्स अधिकारी ने कितनी संपत्ति गलत तरीके से अर्जित की है इसकी जानकारी जुटाने के लिए सीबीआई ने आज गुजरात और राजस्थान में कई जगहों पर एक साथ तलाशी अभियान चलाया। टैक्स अधिकारी के घर से करीब 42 लाख कैश, विदेशी मुद्राएं, आभूषण, कीमती घड़ियां और संपत्ति से जुड़े दस्तावेज मिले हैं।

## आयकर विभाग के इंस्पेक्टर ने दी जान

**बेंगलुरु ,11 फरवरी 2023(ए)।** उत्तर प्रदेश से बड़ी खबर है। आयकर विभाग के इंस्पेक्टर ने चलती ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या कर लिया है। इंस्पेक्टर के आत्महत्या के बाद विभाग में हड़कंप मचा हुआ है।
बताया जा रहा है कि उत्तर प्रदेश के आयकर विभाग (आईटी) के एक इंस्पेक्टर ने बेंगलुरू में चलती ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पीड़ित की पहचान देवेंद्र दुबे के रूप में हुई। पुलिस के मुताबिक, घटना 10 दिन पहले हुई, लेकिन हाल ही में सामने आई।
इतना बड़ा कदम उठाने से पहले पीड़ित ने उत्तर प्रदेश में अपने माता-पिता को फोन किया था और अपनी पत्नी से भी कहा था कि वह देर से घर लौटेगा। बाद में उसने अपनी पत्नी के व्हाट्सएप पर अपनी बीमा पॉलिसी की कॉपी और सुसाइड नोट भेजा।
सुसाइड नोट में मृतक ने अपनी मौत के लिए खुद को जिम्मेदार बताया है। इसके बाद पत्नी ने यशवंतपुर थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। मृतक ने बेंगलुरु के शेषाद्रिपुरम में बीडीए कार्यालय के पास ट्रेन के सामने छलांग लगा दी। रेलवे पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## नहीं थम रहा प्रशासनिक अधिकारियों के बीच विवाद

### फिर एक बार आईपीएस ने लगाया आईएएस पर गाली देने का आरोप,

**पटना,11 फरवरी 2023(ए)।** बिहार में आईएएस अधिकारी केके पाठक द्वारा मातहत एडीएम को गाली-गलौज करने की अभी जांच ही चल रही है। इस बीच एक सीनियर आईपीएस अधिकारी विकास वैभव ने भी अपने सीनियर डीजी होमगार्ड मैडम पर गाली-गलौज का आरोप लगाया है। आईजी विकास वैभव ने अपना दर्द सोशल मीडिया पर साझा किया है। उन्होंने ट्वीट करते हुए कहा कि डीजी होमगार्ड गालियां देती हैं।
बिहार में पिछले कुछ समय से वरिष्ठ अधिकारियों की बदतमीजी सुर्खियां बटोर रही है। ताजा शिकार एक आईजी रैंक का अधिकारी है, जिसने दो महीने की छुट्टी के लिए आवेदन किया है।



आईजी होमगार्ड एंड फायर सर्विसेज विकास वैभव ने सोशल मीडिया पर आहत भावनाओं को व्यक्त करते हुए लिखा कि अपने कर्तव्य का निर्वहन करने के लिए पूरी कोशिश करने के बावजूद डीजी रैंक के अधिकारी से गालियां मिली है। भले ही उन्होंने सोशल मीडिया पर अपनी भावनाएं व्यक्त कीं, हालांकि, कुछ समय के बाद उन्होंने अपना ट्वीट डिलीट कर दिया। लेकिन तब तक ट्वीट वायरल हो चुका है।
'डीजी मैडम के मुख से गालियां ही सुन रहा हूं'
विकास वैभव के पोस्ट में लिखा है, मुझे आईजी होमगार्ड एवं अग्निशमन सेवाओं का दायित्व 18 अक्टूबर 2022 को दिया गया और तब से ही सभी नए दायित्वों के निर्वहन हेतु हर संभव प्रयास कर रहा हूं। प्रतिदिन तब से अनावश्यक डीजी मैडम के मुख से गालियां ही सुन रहा हूं परंतु यात्री मन आज वास्तव में द्रवित है।

## कन्हैयालाल हत्याकांड की चार्जशीट में बड़े खुलासे



### मर्डर से पहले हत्यारों ने देखी थी ये वेब सीरीज

**उदयपुर,11 फरवरी 2023 (ए)।** कन्हैयालाल हत्याकांड में एनआईए ने 3500 हजार पन्ने की चार्जशीट तैयार की है। चार्जशीट से खुलासा हुआ है कि कन्हैयालाल की हत्या के लिए एक व्हाट्सएप ग्रूप बनाया गया था। इस ग्रूप में सबसे ज्यादा पाकिस्तानी एक्टिव थे। वहीं उदयपुर में कन्हैयालाल हत्याकांड में पीएफआई की भी भूमिका सामने आई है।
कन्हैयालाल हत्याकांड में एनआईए ने 3500 हजार पन्ने की जो चार्जशीट तैयार की है उसमें सामने आया कि दर्जी कन्हैयालाल की हत्या का प्लान पाकिस्तान में बनाया गया था।
कन्हैया को मारने से पहले सभी हत्यारों ने इर्तुजुल गाजी की वेब सीरीज देखी थी। चार्जशीट में बताया गया कि कन्हैया की हत्या के लिए एक व्हाट्सअप ग्रुप बनाया गया था। इस ग्रुप में सबसे ज्यादा एक्टिव और भड़काने का काम पाकिस्तानी ही करते थे।

## 500 विमान खरीदेगी एयर इंडिया,इतिहास में अब तक की सबसे बड़ी डील

**नई दिल्ली,11 फरवरी 2023(ए)।** जब से टाटा संस ने एयर इंडिया की कमान संभाली है, तभी से उसकी कोशिश इसकी सर्विस को बेहतर बनाने की है। इसी के चलते कंपनी एक या दो नहीं बल्कि 500 नए एयरक्राफ्ट खरीदने का ऑर्डर देने जा रही है। ये एविएशन इंडस्ट्री के इतिहास में अब तक के सबसे बड़े एयरोप्लेन ऑर्डर में से एक है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, यह डील 100 बिलियन डॉलर की हो सकती है। डील के तहत एयर इंडिया फ्रांस की कंपनी एयरबस और अमेरिका की कंपनी बोइंग से ये विमान खरीदेगी। इस डील को लेकर कंपनी अगले हफ्ते तक आधिकारिक एलान कर सकती है।
रिपोर्ट्स के अनुसार, एयर इंडिया, एयरबस से 250 विमान खरीदेगी, जिनमें से 210 सिंगल एस्ले ए320ओनेस और 40 वाइड बॉडी ए350एस विमान होंगे। वहीं बोइंग से खरीदे जाने वाले 220 विमानों में से 190 737 मैक्स नैरोबॉडी जेट्स होंगे और 20 787 वाइडबॉडी जेट्स और 10 777×एस विमान होंगे। हालांकि इन ऑर्डर में बदलाव भी हो सकता है। अभी तक एयरबस या



एयर इंडिया की तरफ से इस डील की पुष्टि नहीं की गई है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, बीती 27 जनवरी को एयर इंडिया ने अपने स्टाफ को पत्र लिखकर नए एयरक्राफ्ट ऑर्डर करने की ऐतिहासिक डील के बारे में जानकारी दी थी। माना जा रहा है कि टाटा ग्रुप के पास वापस आने के बाद एयर इंडिया को आधुनिक बनाया जा रहा है ताकि अंतरराष्ट्रीय और घरेलू उड़ानों में अपने दबदबे को फिर से बढ़ाया जा सके। इसके साथ ही इस डील के जरिए एयर इंडिया की खुद को फ्यूल एफिशिएंट बनाने की भी कोशिश है ताकि फ्यूल के खर्च को कम किया जा सके। बता दें कि अभी एयर इंडिया के बेड़े में अधिकतर विमान पुराने हैं। एयर इंडिया अपने विमान के नए बेड़े से एमिरेट्स और कतर एयरवेज जैसी बड़ी एयरलाइंस को चुनौती देने की तैयारी भी कर रही है।
कोरोना महामारी के बाद अब एयरलाइंस कंपनियां खुद को अपग्रेड करने में जुटी हैं। कोरोना पाबंदियों के हटने के बाद अब हवाई यात्रियों की संख्या में भी लगातार इजाफा हो रहा है। एयर इंडिया को खरीदे टाटा ग्रुप को एक साल का समय हो चुका है। ऐसे में टाटा ग्रुप की देखरेख में कंपनी बड़े बदलाव से गुजर रही है।

## दिल्ली शराब घोटाले में ईडी का एक्शन

### सांसद का बेटा गिरफ्तार

**नई दिल्ली,11 फरवरी 2023 (ए)।** दिल्ली शराब घोटाले में ईडी का एक्शन जारी है। ईडी ने आज एक और गिरफ्तारी की है। प्रवर्तन निदेशालय ने आंध्र प्रदेश में वाईएसआर सांसद मगुंता श्रीनिवासुलु रेड्डी के बेटे मगुंता राघव को गिरफ्तार किया है। ईडी के अधिकारी ने खुद ये जानकारी दी है। इससे पहले ईडी ने हैदराबाद से ही चैरियट एडवरटाइजिंग के राजेश जोशी को गिरफ्तार किया था। ईडी ने 9 फरवरी को दिल्ली के शराब घोटाला मामले में चैरियट एडवरटाइजिंग के राजेश जोशी को हैदराबाद से गिरफ्तार किया था। गोवा चुनाव के दौरान मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप में उन्हें गिरफ्तार किया



गया था। राजेश जोशी से पहले शिरोमणि अकाली दल के पूर्व विधायक दीप मल्होत्रा के बेटे गौतम मल्होत्रा की गिरफ्तारी हुई थी।
राजेश जोशी पर आरोप है कि उन्होंने आरोपी दिनेश अरोड़ा के जरिए गोवा चुनाव के लिए अपनी विज्ञापन कंपनी रथ विज्ञापन के माध्यम से कथित रूप से 30 करोड़ रुपये प्राप्त किए थे।
ईडी ने कथित शराब घोटाले की चार्जशीट में लिखा है कि इस केस की अब तक की जांच से पता चला है कि इन फंडों का हिस्सा गोवा विधानसभा चुनाव 2022 के लिए इस्तेमाल किया गया था। ईडी ने आगे कहा कि सर्वे टीमों का हिस्सा रहे वॉलिंटियर्स को 70 लाख रुपये का नकद भुगतान किया गया था।

## हाईकोर्ट ने गोवा के आठ दलबदलू विधायकों को नोटिस जारी किया

**पणजी ,11 फरवरी 2023 (ए)।** गोवा में बॉम्बे के उच्च न्यायालय ने एआईसीसी के पूर्व सचिव गिरीश चोडनकर द्वारा दायर एक याचिका पर सुनवाई करते हुए गोवा विधानसभा अध्यक्ष रमेश तावडकर और पिछले साल कांग्रेस छोड़ने वाले आठ विधायकों को नोटिस जारी किया। चोडनकर ने विधानसभा अध्यक्ष को 90 दिनों के भीतर आठ दलबदलू



विधायकों के खिलाफ दायर अयोग्यता याचिका पर फैसला करने का निर्देश देने का अनुरोध किया था। सूत्रों ने कहा कि उच्च न्यायालय ने सभी प्रतिवादियों को दो सप्ताह के भीतर जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। अगली सुनवाई 24 फरवरी को होनी है। 14 सितंबर, 2022 को, पूर्व मुख्यमंत्री दिगंबर कामत, माइकल लोबो, डेलिलाह लोबो, केदार नाइक, संकल्प अमोनकर, राजेश फलदेसाई, अलेक्सो सिकेरा और रुडोल्फ फर्नांडीस बीजेपी में शामिल हो गए थे। चोडनकर ने 11 नवंबर, 2022 को अध्यक्ष के समक्ष अयोग्यता याचिका दायर की थी। उन्होंने 1 दिसंबर को फिर से अध्यक्ष को पत्र लिखकर मामले में तेजी लाने और सुप्रीम कोर्ट के दिशानिर्देशों के अनुसार 90 दिनों से पहले इसका निपटान करने का अनुरोध किया था।

# ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ ये हैं भारत की जीत के 5 हीरो

### अपने बेहतरीन प्रदर्शन से नागपुर किया फतेह

**नई दिल्ली,11 फ रवरी 2023।** भारत ने नागपुर में खेले गए पहले टेस्ट मैच में ऑस्ट्रेलिया को पारी और 132 रन से हराया। भारत ने चार टेस्ट मैच की सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली है। ऑस्ट्रेलिया की दूसरी पारी 91 रनों पर सिमट गई। भारत की तरफ से रविचंद्र अश्विन ने पांच, जडेजा और शमी ने दो और अक्षर पटेल ने 1 विकेट लिए।

इस मैच में भारत की जीत में कप्तान रोहित शर्मा, रविचंद्र अश्विन, रविंद्र जेडजा, अक्षर पटेल और मोहम्मद शमी ने सबसे ज्यादा अहम भूमिका निभाई। जिनके दमपर भारत ने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में बढ़त बना ली है।

### रोहित शर्मा

भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने पहले टेस्ट में शानदार बैटिंग की। अपनी शतकीय पारी की बदौलत वह भारत के पहले कप्तान बने जिन्होंने तीनों फॉर्मेट( टेस्ट, टी20 और वनडे) में बतौर कप्तान शतक लगाया। रोहित ने अपनी 120 रन की शतकीय पारी के दौरान 15 चौका और 2 शानदार सिक्स लगाए। उन्होंने 212 गेंद का सामना किया। टेस्ट क्रिकेट में रोहित शर्मा का यह 9वां शतक है, जबकि कंगारू टीम के खिलाफ पहला।

### रविचंद्र अश्विन

नागपुर टेस्ट में रविचंद्र अश्विन ने 79 रन देकर कुल 8 विकेट लिए। ऑस्ट्रेलिया को दूसरी पारी में जल्दी ऑउट करने का श्रेय रविचंद्रन अश्विन को ही जाता है। उन्होंने दूसरी पारी में कंगारू टीम के पांच



बल्लेबाजों को पवेलियन का रास्ता दिखाया। अश्विन ने 12 ओवर में 37 रन देकर 5 विकेट लिए, जबकि पहली पारी में 42 रन देकर 3 विकेट चटकाए थे। इसके अलावा बल्ले से 23 रन का योगदान दिया।

### रवींद्र जडेजा

चोट से रिकवर होने के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी करने वाले भारत के स्टार ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा ने बल्ले और गेंद दोनों से शानदार प्रदर्शन किया। पहली पारी में जब टीम इंडिया की बैटिंग लड़खड़ाई थी, उस वक्त जडेजा ने 70 रनों की बेहतरीन पारी खेली। साथ ही अक्षर पटेल के साथ मिलकर 88 रन की साझदारी की। जडेजा ने मैच में कुल 7 विकेट लिए, जिसमें पहली पारी में 47 रन देकर 5 विकेट और दूसरी पारी में 24 देकर 2 विकेट शामिल है। जडेजा को शानदार प्रदर्शन करने के लिए प्लेयर ऑफ द मैच का खिताब भी दिया गया।

### अक्षर पटेल

टीम इंडिया की जीत में ऑलराउंडर अक्षर पटेल ने भी बड़ा योगदान रहा। अक्षर ने जडेजा के साथ मिलकर आठवें विकेट के लिए 88 रन और शमी के साथ 9वें विकेट के लिए 52 रनों की पार्टनरशिप की। अक्षर ने 84 रन की शानदार पारी खेली। अक्षर पटेल ने दूसरी पारी में 6 रन देकर 1 विकेट भी लिया।

### मोहम्मद शमी

भारत की जीत में शमी ने भी योगदान दिया। ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी में शमी ने 18 रन देकर 1 विकेट लिए। वहीं, बैटिंग के दौरान 37 रन की पारी खेली, जिसकी मदद से भारत 400 के आंकड़े तक पहुंच सका। इसके अलावा शमी ने दूसरी पारी 13 रन देकर दो विकेट लिए।

# भारतीय महिला टीम की नजरें पहले आईसीसी खिताब पर,पहला मुकाबला पाकिस्तान से

**केपटाउन,11 फ रवरी 2023।** लंबे समय से आईसीसी खिताब को तरस रही भारतीय महिला क्रिकेट टीम टी20 विश्व कप के पहले मुकाबले में रविवार को पाकिस्तान के खिलाफ उतरेगी तो उसका इरादा इस बार इंतजार को खत्म करने का होगा ।

भारत और पाकिस्तान का मुकाबला वैसे भी रोमांचक होता है लेकिन भारतीय टीम का पलड़ा भारी होने से यह शायद अपेक्षाओं पर खरा नहीं उतर सके ।

पाकिस्तान ने हालांकि भारत को पिछले साल एशिया कप में हराया था जब भारतीय टीम ने जरूरत से ज्यादा प्रयोग किये थे ।

पिछले पांच साल में दोनों टीमों के बीच जमीन आसमान का अंतर देखने को मिला है । भारतीय टीम आस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के दबदबे को लगातार चुनौती दे रही है जबकि पाकिस्तानी महिला टीम कुछ खास नहीं कर सकी ।

पहली महिला प्रीमियर लीग की नीलामी से एक दिन पहले होने वाले इस मैच में भारतीय खिलाड़ियों के लिये अतिरिक्त प्रेरणा रहेगी लेकिन कुछ का फोकस हट भी सकता है । भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर और सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना की फिटनेस को लेकर भी संदेह है जो क्रमशः कंधे और ऊंगली की चोट से जूझ रही हैं । उनके खेलने के बारे में फैसला शनिवार को अभ्यास सत्र के बाद लिया जायेगा ।

बीसीसीआई के एक सूत्र ने कहा , दोनों सीनियर खिलाड़ी हैं और टीम के लिये काफी महत्वपूर्ण है । अगर उनकी फिटनेस को लेकर तनिक भी संदेह हुआ तो हम जोखिम नहीं लेंगे क्योंकि यह पहला ही मैच है ।



भारत को हाल ही में दक्षिण अफ्रीका ने त्रिकोणीय श्रृंखला के फाइनल में हराया है । इसके अलावा अभ्यास मैच में आस्ट्रेलिया से हारे लेकिन बांग्लादेश को हराया । भारतीय टीम के सेमीफाइनल तक पहुंचने की प्रबल संभावना लग रही है लेकिन आस्ट्रेलिया को हराने के लिये उसे अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा ।

रेणुका सिंह को छोड़कर गेंदबाजों में आत्मविश्वास नहीं दिख रहा । अनुभवी शिखा पांडे ने पिछले महीने वापसी के बाद से एक भी विकेट नहीं लिया है । स्पिनरों का प्रदर्शन भी अपेक्षा के अनुरूप नहीं रहा । वहीं बल्लेबाजी में हरमनप्रीत और मंधाना को दूसरे छोर से सहयोग की जरूरत है । हाल ही में अंडर 19 विश्व कप जीतने वाली शेफाली वर्मा लगातार अच्छा प्रदर्शन करके आलोचकों को जवाब देना चाहेंगी । जेमिमा रौड्रिग्स से भी अच्छी पारी की उम्मीद है ।

गेंदबाज हरफनमौला पूजा वस्त्राकर की भूमिका अहम होगी जबकि डैथ ओवरों में रिचा घोष को अच्छा प्रदर्शन करना होगा ।

पाकिस्तान के लिये निदा दर पर काफी दारोमदार होगा । पाकिस्तान ने हाल ही में आस्ट्रेलिया में श्रृंखला खेली है और अभ्यास मैच में बांग्लादेश को हराया लेकिन दक्षिण अफ्रीका से हार गए।

टीमें :

भारत : हरमनप्रीत कौर ( कप्तान ), स्मृति मंधाना, शेफाली वर्मा, यस्तिका भाटिया, रिचा घोष, जेमिमा रौड्रिग्स, हरलीन देयोल, दीप्ति शर्मा, देविका वैद्य, राधा यादव, रेणुका ठाकुर, अंजलि सरवानी, पूजा वस्त्राकर, राजेश्वरी गायकवाड़ , शिखा पांडे ।

पाकिस्तान : बिस्माह मारूफ ( कप्तान ), ऐमान अनवर, आलिया रियाज, आयशा नसीम, सदफ शमास, फातिमा सना, जावेरिया वदूद, मुनीबा अली, नशरा सुंधू, निदा दर, ओमैमा सोहेल, सादिया इकबाल, सिदरा अमीन, सिदरा नवाज, तुबा हसन ।

मैच का समय : शाम 6 . 30 से ।

## जोनाथन बेट्टी महिला प्रीमियर लीग में दिल्ली कैपिटल्स के मुख्य कोच

**नयी दिल्ली,11 फ रवरी 2023।** इंग्लैंड के पूर्व प्रथम श्रेणी क्रिकेटर जोनाथन बेट्टी को शनिवार को पहली महिला प्रीमियर लीग में दिल्ली कैपिटल्स का मुख्य कोच चुना गया । 48 वर्ष के बेट्टी की सहयोगी पूर्व क्रिकेटर हेमलता काला और लीसा नाइटले होंगी ।



सर्रे और ग्लूस्टरशर के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज बेट्टी ओवल इंविंसिबल्स महिला टीम के कोच रह चुके हैं जिसने 2021 और 2022 में द हंड्रेड खिताब जीता था ।

वह महिला बिग बैश लीग में मेलबर्न स्टार्स और सर्रे महिला टीम के भी कोच रहे हैं ।

उन्होंने टीम द्वारा जारी एक बयान में कहा , दिल्ली कैपिटल्स से बतौर मुख्य कोच जुड़कर काफी रोमांचित हूं । महिला क्रिकेट से जुड़ने का यह शानदार समय है और महिला प्रीमियर लीग दुनिया में महिलाओं के पेशेवर खेल का स्वरूप बदल सकती है ।

भारत के लिये सात टेस्ट और 78 वनडे खेल चुकी काला राष्ट्रीय चयन समिति की प्रमुख भी रही हैं । उनके कार्यकाल में ही भारत 2017 विश्व कप फाइनल में पहुंचा था ।

आस्ट्रेलिया के लिये नौ टेस्ट और 82 वनडे खेल चुकी नाइटले इंग्लैंड महिला टीम की कोच रह चुकी है । वह पर्थ स्क्रोचर्स और सिडनी थंडर्स की भी मुख्य कोच रही हैं । बीजू जॉर्ज टीम के फील्डिंग कोच होंगे जो दिल्ली कैपिटल्स पुरूष टीम के साथ भी जुड़े हैं ।

पहली महिला प्रीमियर लीग चार से 26 मार्च के बीच खेली जायेगी ।

# क्या धर्मशाला में नहीं खेला जाएगा तीसरा टेस्ट ?

**नई दिल्ली, ,11 फरवरी 2023।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच चार मैचों की टेस्ट सीरीज का पहला टेस्ट नागपुर में खेला जा रहा है। बता दें कि पहले टेस्ट के तीसरे दिन का खेल काफी रोमांचक मोड में नजर आ रहा है।

इस मैच का नतीजा दो दिन बाद ही आ जाएगा, जिसके बाद सीरीज के बाकी मैचों की तरफ रुख होगा, लेकिन इसी बीच सीरीज के तीसरे टेस्ट मैच के वेन्यू में बदलाव को लेकर एक बड़ी अपडेट सामने आ रही है। बता दें कि पीटीआई की एक रिपोर्ट के अनुसार, बीसीसीआई ) तीसरे टेस्ट मैच के लिए वेन्यू धर्मशाला को बदल सकती है। ऐसे में इस आर्टिकल के जरिए जानते हैं वेन्यू शिफ्ट करने के पीछे की वजह के बारे में।

क्या तीसरे टेस्ट के वेन्यू में होगा बदलाव?

दरअसल, भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच नागपुर टेस्ट के बाद दोनों टीमें नई दिल्ली दूसरे टेस्ट मैच खेलने के लिए पहुंचेंगी। 17 जनवरी से दूसरे टेस्ट का आगाज होगा, जबकि तीसरे टेस्ट में करीब एक हफ्ते का ब्रेक है। सीरीज का तीसरा मैच हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला में होना है, लेकिन इस बीच धर्मशाला से टेस्ट मैच छिन सकता है। असल में स्टेडियम में पिछले कुछ महीनों से मरम्मत का काम चल रहा था, जिसके चहत मैदान में नई घास बिछाई गई और साथ ही पानी निकासी की नई व्यवस्था की गई। ऐसे में बीसीसीआई का मानना है कि हाल ही में स्टेडियम को रेनोवेट किया गया है। ऐसे में इस मैदान पर खेलने में काफी समय लग सकता है। बता दें कि हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम बहुत ही शानदार स्टेडियम है। इस मैदान पर अभी तक सिर्फ एक ही अंतरराष्ट्रीय टेस्ट मुकाबला खेला गया है। बॉर्ड-गावस्कर ट्रॉफी 2016-17 सीजन में भारत ने यहां खेले गए मुकाबले को 4 दिनों में ही जीत लिया था।

# सचिन बैसोया ने पीजीटीआई प्लेयर्स चैंपियनशिप में पहली ट्रॉफी जीती

**कोलकाता ,11 फ रवरी 2023।** दिल्ली के सचिन बैसोया ने वायर-टू-वायर जीत दर्ज की और सीजन की ओपनिंग इवेंट टॉलीगंज क्लब द्वारा प्रस्तुत पीजीटीआई प्लेयर्स चैंपियनशिप 2023 में अपनी पहली ट्रॉफी अपने घर ले ली।

सचिन (64-66-65-69) की लंबे समय से प्रतीक्षित जीत एक-अंडर 69 के एक स्थिर अंतिम दौर से आई, जिसने उनका कुल स्कोर 16-अंडर 264 कर दिया और उन्हें दो शॉट के अंतर से जीतने में मदद की।



हर्ष गंगवार (66-64-67-69), दिल्ली के एक अन्य गोल्फर, जो पिछले सत्र में पेशेवर बने थे, ने अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ टाई दूसरा स्थान हासिल किया, क्योंकि उनके 69 के अंतिम दौर में उन्होंने सप्ताह का अंत कुल 14-अंडर के साथ किया।

युनाइटेड स्टेट्स के धोखेबाज़ वरुण चोपड़ा (65-68-65-68) ने पिछले सप्ताह के क्वालीफाइंग स्कूल से आने के बाद इस सप्ताह पीजीटीआई में अपना प्रो डेब्यू करते हुए, दो-अंडर 68 के चौथे दौर की शूटिंग की और संयुक्त रूप से दूसरा स्थान भी हासिल किया। गंगवार के साथ

सचिन बैसोया, जो पहले राउंड से लीडर थे, जो चौथे राउंड में जाने से दो शॉट आगे थे, ने शुक्रवार को दूसरे राउंड में लॉन्ग रेंज से बर्डी के साथ शुरुआत की। पिछले साल के राष्ट्रीय खेलों में दिल्ली के लिए टीम स्पर्धा में कांस्य पदक विजेता बैसोया ने दिन का अपना पहला बोगी नौवें दिन गिराया, जहां उनकी गेंद बंकर में फंस गई थी।

# विवेक अग्निहोत्री ने पूरी की द वैक्सीन वॉर की शूटिंग

द कश्मीर फाइल्स से बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचाने वाले डायरेक्टर विवेक अग्निहोत्री अपनी आने वाली मूवी द वैक्सीन वॉर को लेकर चर्चाओं में बने हुए है। निर्देशक की यह मूवी मेडिकल की दुनिया से जुड़े लोगों के लिए एक ट्रिब्यूट है, जिन्होंने कोरोना काल में दिन रात काम करके लोगों को बचाने का काम भी कर रहे है। मूवी की जब से घोषणा हुई है, तब से ही विवेक अग्निहोत्री इससे जुड़ी जानकारी दे रहे हैं। वहीं, अब इस मूवी की शूटिंग भी खत्म हो गई है। इन दिनों इस मूवी का आखिरी शेड्यूल चल रहा था, जिसे फिल्म की टीम ने मिलकर पूरा भी कर लिया है।विवेक अग्निहोत्री ने अपनी मूवी द वैक्सीन वॉर की घोषणा वर्ष 2022 के नवंबर माह में किया था और उन्होंने इस मूवी की शूटिंग लखनऊ से शुरू की गई थी। जिसके उपरांत कई अलग-अलग जगहों पर मूवी का शूट जारी रहा। मूवी द वैक्सीन वॉर का लास्ट शेड्यूल हैदराबाद में ही पूरा हुआ। हालांकि, शूटिंग शुरू करने से पहले निर्देशक ने अपनी पूरी टीम के साथ मिलकर एक लंबी रिसर्च की, जिसमें उन्होंने मेडिकल क्षेत्र से जुड़े लोगों को सामने कोरोना काल में आई परेशानियों को जानने का प्रयास भी किया। इस मूवी में विवेक अग्निहोत्री महामारी के



समय की कई कहानियां पेश करने वाले है।

यह फिल्म इसी साल स्वतंत्रता दिवस (15 अगस्त) के मौके पर सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए तैयार है। फिल्म के प्रोडक्शन का काम विवेक की पत्नी और अभिनेत्री पल्लवी संभाल रही हैं। इसमें नाना पाटेकर, सप्तमी गौड़ा, पल्लवी जोशी और अनुपम खेर जैसे दिग्गज कलाकार शामिल हैं। फिल्म को हिंदी समेत तेलुगु, तमिल, मलयालम, कन्नड़, भोजपुरी, पंजाबी, गुजराती, मराठी और बंगाली सहित 10 से अधिक भाषाओं में रिलीज किया जाएगा। फिल्म बनाने में सामने आई यह चुनौतीः आई एम बुद्धा फाउंडेशन के बैनर तले बनी मूवी द वैक्सीन वॉर का निर्माण पल्लवी जोशी के द्वारा ही किया गया है। इस मूवी के लिए पल्लवी जोशी का कहना है कि वैक्सीन वॉर किसी भी दूसरी मूवी से अलग है जिसे हमने आई एम बुद्धा प्रोडक्शन के अंतर्गत बनाया है। साइंस थ्रिलर एक बहुत ही नई शैली है और यह एक बहुत ही कठिन शैली भी है लेकिन हमने चुनौती स्वीकार करने का निर्णय भी किया है। मुझे लगता है कि इस मूवी को लिखने और निर्देशित करने की इस चुनौती को स्वीकार करने के लिए विवेक को 100 प्रतिशत अंक दिए जाने चाहिए।

## अवनीत कौर ने ब्लैक आउटफिट में दिए ऐसे पोज फैंस भी हुए हैरान

टीवी एक्ट्रेस अवनीत कौर ने महज 21 साल की उम्र में फैंस को इस कदर बेकाबू किया हुआ है कि उनकी जब भी इंस्टाग्राम पर फोटोज और वीडियोज अपलोड होती हैं तो वो फैंस के बीच सुर्खियां बटौरने लगती हैं। अवनीत कौर की हालिया फोटोशूट की लेटेस्ट ब्लैक आउटफिट की तस्वीरों ने एक बार फिर से इंटरनेट का पारा गर्म कर दिया है। इंटरनेट पर अपनी बोल्ड अदाओं और फैशन स्टेमेंट्स से फैंस के दिलों पर खंजर चलाने वाली एक्ट्रेस अवनीत कौर की लेटेस्ट फोटोज इंस्टाग्राम पर वायरल हो रही हैं। इन तस्वीरों में उनकी हॉटनेस देख कर फैंस अवनीत कौर के लुक्स की तारीफ करते नहीं थक रहे हैं। हाल ही में उनके लेटेस्ट बोल्ड फोटोज ने एक बार फिर से सोशल मीडिया पर तहलका मचा दिया है। अवनीत कौर ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट के दौरान ब्लैक कलर की ऑफ शोल्डर लुक में शॉर्ट ड्रेस पहनी हुई है। ओपन हेयर और



न्यूड लिप्सटिक लगा कर एक्ट्रेस ने अपने इस आउटलुक को कंप्लीट किया है। एक्ट्रेस ने अपनी इन तस्वीरों को शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा है- डेविल इन टाइट ड्रेस, गर्ल यू ए किलर। अवनीत कौर की ये फोटोज शेयर होते ही फैंस अपनी-अपनी प्रतिक्रियाएं देने लगे एक यूजर ने लिखा है- गॉर्जियस तो वहीं दूसरे ने लिखा है- काश मैं भी आपकी तरह खूबसूरत होती। हालांकि उनकी इन तस्वीरों को अपलोड हुए कुछ ही घंटे हुए हैं और अब तक 4 लाख से भी ज्यादा नेटिजन्स फोटोज को लाइक कर चुके हैं।






## लक्ष्मी मांचू की टीच फॉर चेंज के लिए रैंप वॉक करेंगी रकुल प्रीत,जैकी

टॉलीवुड अभिनेत्री रकुल प्रीत सिंह और फिल्म निर्माता जैकी भगनानी अभिनेता-निर्माता लक्ष्मी मांचू के एनजीओ, टीच फॉर चेंज के लिए एक फैशन शो-कम-फंडरेजर का नेतृत्व करेंगे, जो वंचित समुदायों के बच्चों के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के क्षेत्र में काम कर रहा है। वार्षिक शो 19 फरवरी को हैदराबाद में आयोजित किया जाएगा। इसमें बॉलीवुड और दक्षिण के फिल्मी सितारों के साथ-साथ खिलाड़ियों कोजबूत लाइनअप होने का वादा किया गया है। शो से जुटाई गई राशि का उपयोग पूरे वर्ष टीच फॉर चेंज के अभियानों के लिए किया जाएगा।सितारे डिजाइनर वरुण चक्कीलम के परिधानों में रैंप पर उतरेंगे, यह संग्रह विशेष रूप से शो के लिए डिजाइन किया गया है। लक्ष्मी मांचू और



चैतन्य एसआरएसके द्वारा 2014 में शुरू किए गए टीच फॉर चेंज ने विभिन्न विजयी मॉड्यूल तैयार किए हैं, जिनमें प्रमुख स्वयंसेवी कार्यक्रम से लेकर सरकारी स्कूलों में आईसीटी इंफ्रास्ट्रक्क र और स्मार्ट क्लासरूम बनाने तक शामिल है।संगठन ने अब तक 432 सरकारी स्कूलों के साथ काम किया है, जिससे तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक और तमिलनाडु में 42,608 छात्रों के जीवन में बदलाव आया है। इस अवसर पर बोलते हुए, लक्ष्मी मांचू ने कहाः यह फंडरेजर एक ऐसा मंच है जो उनकी बुनियादी शैक्षिक जरूरतों को पूरा करने में मदद कर सकता है और उनके कारण का समर्थन करने की इच्छा रखता है। मैं अपने सभी उद्योग मित्रों, परिवार और सहयोगियों का बहुत आभारी हूं,










